भारत सरकार
सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय
दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग

लोक सभा

**अतारांकित प्रश्न संख्या – 1776**
उत्तर देने की तारीख- 10/02/2026

**यूनिक डिसेबिलिटी आईडी का विवरण**

1776. श्री बापी हलदर:
श्री राजू बिष्ट:

क्या सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार पश्चिम बंगाल सहित राज्य-वार और जिला-वार दिव्यांगजनों की कुल संख्या कितनी है तथा दिव्यांगता की श्रेणी कितनी है;

(ख) अब तक जारी किए गए विशिष्ट विकलांगता पहचान पत्र (यूडीआईडी) कार्डों की कुल संख्या कितनी है तथा राज्य में यूडीआईडी कार्ड जारी करने में इतनी देरी के क्या कारण हैं तथा साथ ही दिव्यांगता के प्रकार विशेष रूप से पश्चिम बंगाल तथा दार्जिलिंग और कालिम्पोंग जिलों सहित राज्य-वार एवं लिंग-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) यूडीआईडी योजना के अन्तर्गत जारी की गई धनराशि तथा यूडीआईडी योजना के कार्यान्वयन हेतु किये गये कार्यों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या यह सच है कि एडीआईपी योजना के तहत सहायता प्राप्त करने के लिए दिव्यांगों के लिए यूडीआईडी पंजीकरण अनिवार्य है और यदि हां, तो एडीआईपी योजना के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए यह सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं कि सभी दिव्यांगों को यूडीआईडीकार्ड जारी की जा सके और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री
(श्री बी.एल. वर्मा)

(क): भारत के महा रजिस्ट्रार एवं जनगणना आयुक्त की आधिकारिक वेबसाइट (https://censusindia.gov.in/nada/index.php/catalog/43469) पर उपलब्ध जनगणना 2011 के आंकड़ों के अनुसार दिव्यांगजनों की कुल संख्या तथा दिव्यांगता की श्रेणी का पश्चिम बंगाल सहित राज्य-वार विवरण अनुबंध-I में दिया गया है।

(ख): विशिष्ट दिव्यांगता पहचान पत्र (यूडीआईडी) पोर्टल पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार, दिनांक 05.02.2025 तक पूरे देश में 1,33,76,684 यूडीआईडी कार्ड जारी किए जा चुके हैं। यूडीआईडी कार्ड जारी करने का कार्य संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों द्वारा अधिकृत अधिसूचित अस्पतालों के माध्यम से किया जाता है। चूंकि दिव्यांगता राज्य सूची का विषय है, इसलिए यूडीआईडी कार्ड जारी करने के कारण और समय-सीमा संबंधित राज्य सरकारों के पास उपलब्ध चिकित्सा अवसंरचना एवं उनके प्रयासों पर निर्भर करती है। दिनांक 05.02.2026 तक पश्चिम बंगाल तथा दार्जिलिंग और कालिम्पोंग में यूडीआईडी कार्ड एवं दिव्यांगता प्रमाण-पत्र जारी करने की स्थिति निम्नानुसार है:

| क्रम सं. | राज्य/जिला | यूडीआईडी कार्ड की कुल संख्या |
|---|---|---|
| i. | पश्चिम बंगाल | 2,19,853 |
| ii. | दार्जिलिंग | 1,792 |
| iii. | कालिम्पोंग | 627 |

(ग): यूडीआईडी उप-योजना के अंतर्गत, यूडीआईडी परियोजना के प्रचार-प्रसार, अस्पतालों के लिए सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) अवसंरचना की खरीद तथा मैनुअल दिव्यांगता प्रमाण-पत्रों के डिजिटलीकरण हेतु राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र सरकारों को एकमुश्त सहायता अनुदान राशि प्रदान की जाती है।
इसके अतिरिक्त, प्रत्येक राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र में एक राज्य समन्वयक की नियुक्ति हेतु 50,000/- रुपये (रुपये पचास हजार मात्र) प्रति माह की दर से अनुदान भी दिया जाता है।
यूडीआईडी उप-योजना के कार्यान्वयन के लिए पिछले तीन वित्तीय वर्षों एवं चालू वित्तीय वर्ष के दौरान राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र -वार जारी की गई निधियों का विवरण अनुबंध-II में दिया गया है।

(घ): दिव्यांगता मूल्यांकन के लिए नए दिशानिर्देशों को महानिदेशालय स्वास्थ्य सेवाओं के परामर्श से सरल मूल्यांकन मानकों के साथ दिनांक 12.03.2024 को तैयार कर अधिसूचित किया गया। देशभर में आठ क्षेत्रीय

प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें 6000 से अधिक दिव्यांगता मूल्यांकन विशेषज्ञों को प्रशिक्षण दिया गया।

सहायक यंत्रों/उपकरणों की खरीद/फिटिंग के लिए दिव्यांगजनों को सहायता योजना (एडिप योजना) के अंतर्गत, प्रथम बार सहायक यंत्र/उपकरण प्राप्त करने के लिए लाभार्थियों के पास यूडीआईडी कार्ड या यूडीआईडी कार्ड का नामांकन नंबर, साथ ही दिव्यांगता प्रमाण-पत्र होना अनिवार्य है। एडिप योजना के अंतर्गत पुनः लाभ प्राप्त करने के लिए लाभार्थियों के पास यूडीआईडी कार्ड होना आवश्यक है।

एडिप योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने हेतु, कार्यान्वयन एजेंसियों को निर्देश दिए गए हैं कि सहायक यंत्रों और उपकरणों के लिए लाभार्थियों के मूल्यांकन के समय ही उनका यूडीआईडी कार्ड हेतु नामांकन भी कराया जाए।

*****

अनुबंध-I

"यूनिक डिसेबिलिटी आईडी के विवरण' के संबंध में दिनांक 10.02.2026 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1776 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।

| दिव्यांगता के प्रकार के अनुसार दिव्यांगजनों की संख्या – 2011 | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| राज्य का नाम | कुल दिव्यांगजन | दृष्टिबाधित | श्रवण बाधित | वाक् बाधित | गतिविषयक | मानसिक मंदता | मानसिक बीमारी | कोई अन्य | बहु-दिव्यांगता |
| जम्मू और कश्मीर | 361153 | 66448 | 74096 | 18681 | 58137 | 16724 | 15669 | 66957 | 44441 |
| हिमाचल प्रदेश | 155316 | 26076 | 26700 | 8278 | 32550 | 8986 | 5166 | 29024 | 18536 |
| पंजाब | 654063 | 82199 | 146696 | 24549 | 130044 | 45070 | 21925 | 165607 | 37973 |
| चंडीगढ़ | 14796 | 1774 | 2475 | 961 | 3815 | 1090 | 756 | 2583 | 1342 |
| उत्तराखंड | 185272 | 29107 | 37681 | 12348 | 36996 | 11450 | 6443 | 30723 | 20524 |
| हरियाणा | 546374 | 82702 | 115527 | 21787 | 116026 | 30070 | 16191 | 116821 | 47250 |
| राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली | 234882 | 30124 | 34499 | 15094 | 67383 | 16338 | 10046 | 37013 | 24385 |
| राजस्थान | 1563694 | 314618 | 218873 | 69484 | 427364 | 81389 | 41047 | 199696 | 211223 |
| उत्तर प्रदेश | 4157514 | 763988 | 1027835 | 266586 | 677713 | 181342 | 76603 | 946436 | 217011 |
| बिहार | 2331009 | 549080 | 572163 | 170845 | 369577 | 89251 | 37521 | 431728 | 110844 |
| सिक्किम | 18187 | 2772 | 5343 | 1577 | 2067 | 516 | 513 | 2459 | 2940 |
| अरुणाचल प्रदेश | 26734 | 5652 | 8127 | 1538 | 3235 | 1264 | 631 | 3878 | 2409 |
| नागालैंड | 29631 | 4150 | 8940 | 2294 | 3828 | 1250 | 995 | 4838 | 3336 |
| मणिपुर | 58547 | 19194 | 12891 | 2661 | 5315 | 4846 | 1459 | 8628 | 3553 |
| मिजोरम | 15160 | 2035 | 3354 | 1163 | 1976 | 1585 | 1050 | 1914 | 2083 |
| त्रिपुरा | 64346 | 10828 | 11695 | 4567 | 11707 | 4307 | 2909 | 11825 | 6508 |
| मेघालय | 44317 | 6980 | 12353 | 2707 | 5312 | 2332 | 2340 | 8717 | 3576 |
| असम | 480065 | 80553 | 101577 | 39750 | 76007 | 26374 | 18819 | 87461 | 49524 |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पश्चिम बंगाल | 2017406 | 424473 | 315192 | 147336 | 322945 | 136523 | 71515 | 402921 | 196501 |
| झारखंड | 769980 | 180721 | 165861 | 46684 | 147892 | 37458 | 20157 | 112372 | 58835 |
| ओडिशा | 1244402 | 263799 | 237858 | 68517 | 259899 | 72399 | 42837 | 172881 | 126212 |
| छत्तीसगढ | 624937 | 111169 | 92315 | 28262 | 190328 | 33171 | 20832 | 76903 | 71957 |
| मध्य प्रदेश | 1551931 | 270751 | 267361 | 69324 | 404738 | 77803 | 39513 | 295035 | 127406 |
| गुजरात | 1092302 | 214150 | 190675 | 60332 | 245879 | 66393 | 42037 | 197725 | 75111 |
| दमन और दीव | 2196 | 382 | 309 | 149 | 620 | 176 | 89 | 264 | 207 |
| दादरा एवं नगर हवेली | 3294 | 429 | 715 | 201 | 682 | 180 | 115 | 483 | 489 |
| महाराष्ट्र | 2963392 | 574052 | 473271 | 473610 | 548418 | 160209 | 58753 | 510736 | 164343 |
| आंध्र प्रदेश | 2266607 | 398144 | 334292 | 219543 | 538934 | 132380 | 43169 | 409775 | 190370 |
| कर्नाटक | 1324205 | 264170 | 235691 | 90741 | 271982 | 93974 | 20913 | 246721 | 100013 |
| गोवा | 33012 | 4964 | 5347 | 5272 | 5578 | 1817 | 1675 | 5784 | 2575 |
| लक्षद्वीप | 1615 | 337 | 224 | 73 | 361 | 112 | 96 | 183 | 229 |
| केरल | 761843 | 115513 | 105366 | 41346 | 171630 | 65709 | 66915 | 96131 | 99233 |
| तमिलनाडु | 1179963 | 127405 | 220241 | 80077 | 287241 | 100847 | 32964 | 238392 | 92796 |
| पुदुचेरी | 30189 | 3608 | 6152 | 1824 | 9054 | 2335 | 853 | 4137 | 2226 |
| अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 6660 | 1084 | 1219 | 531 | 1593 | 294 | 364 | 838 | 737 |
| **कुल** | **26814994** | **5033431** | **5072914** | **1998692** | **5436826** | **1505964** | **722880** | **4927589** | **2116698** |

अनुबंध - II

"यूनिक डिसेबिलिटी आईडी के विवरण' के संबंध में दिनांक 10.02.2026 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1776 के भाग (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।

| यूडीआईडी उप-योजना के अंतर्गत राज्य-वार एवं वित्तीय वर्ष-वार व्यय (अनुबंध-II) | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र. सं. | | 2022-23 | 2023-24 | 2024-25 | 2025-26 | कुल योग |
| | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | जारी की गई निधियां (रू. लाख में) | जारी की गई निधियां (रू. लाख में) | जारी की गई निधियां (रू. लाख में) | जारी की गई निधियां (रू. लाख में) | (रू. लाख में) |
| 1 | अंडमान व निकोबार द्वीप समूह | 8.04 | 6.00 | 6.50 | 4.38 | 24.92 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 5.00 | 6.00 | 5.20 | 5.10 | 21.30 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 6.00 | 3.00 | 6.00 | 3.00 | 18.00 |
| 4 | असम | 7.13 | 3.00 | 4.00 | 9.44 | 23.57 |
| 5 | बिहार | 5.00 | 6.00 | 6.30 | | 17.30 |
| 6 | चंडीगढ़ | 6.75 | 4.37 | 6.30 | 6.58 | 24.00 |
| 7 | छत्तीसगढ | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 8 | दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव | 0 | 0 | 6.00 | 4.72 | 10.72 |
| 9 | दिल्ली | 4.28 | 6.00 | 1.00 | | 11.28 |
| 10 | गोवा | 3.00 | 3.00 | 3.00 | 12.75 | 21.75 |
| 11 | गुजरात | 6.00 | 3.00 | 4.43 | 6.72 | 20.15 |
| 12 | हरियाणा | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | 4.57 | 5.78 | 3.15 | 6.45 | 19.95 |
| 14 | जम्मू और कश्मीर | 16.00 | 0 | 0 | 0 | 16.00 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 15 | झारखंड | 0 | 8.49 | 3.00 | 5.41 | 16.90 |
| 16 | कर्नाटक | 0 | 3.00 | 6.23 | 5.25 | 14.48 |
| 17 | केरल | 3.00 | | 0 | 0 | 3.00 |
| 18 | लद्दाख | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 19 | लक्षद्वीप | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 20 | मध्य प्रदेश | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 21 | महाराष्ट्र | 3.00 | 5.66 | | 7.18 | 15.84 |
| 22 | मणिपुर | 18.00 | 6.00 | 3.00 | 3.30 | 30.30 |
| 23 | मेघालय | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 24 | मिजोरम | 6.00 | 6.00 | 4.00 | 5.00 | 21.00 |
| 25 | नागालैंड | 3.65 | 6.00 | 4.00 | 2.00 | 15.65 |
| 26 | ओडिशा | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 27 | पुदुचेरी | 4.00 | 0 | 2.70 | 5.66 | 12.36 |
| 28 | पंजाब | 0 | 5.09 | 0 | 3.15 | 8.24 |
| 29 | राजस्थान | 3.00 | 2.91 | 3.00 | 3.00 | 11.91 |
| 30 | सिक्किम | 6.00 | 7.50 | 3.00 | 3.15 | 19.65 |
| 31 | तमिलनाडु | 5.67 | 3.00 | 0 | 0.94 | 9.61 |
| 32 | तेलंगाना | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 33 | त्रिपुरा | 15.82 | 0 | 3.52 | 1.46 | 20.80 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 9.76 | 33.70 | 1.20 | 7.83 | 52.49 |
| 35 | उत्तराखंड | 3.00 | 6.00 | 3.15 | 6.15 | 18.30 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 6.00 | 0 | 0 | 0 | 6.00 |
| | कुल | **158.67** | **139.50** | **88.68** | **118.62** | **505.47** |

*****